# प्रेस नोट

<u>दिनांक-17.05.2023</u>

## साइबर सेल झाँसी तथा थाना कटेरा पुलिस द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त 01 अंतर्राज्यीय शातिर अभियुक्त सहित 02 गिरफ्तार

## 3.93 लाख रु. नगद, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड आदि बरामद हुआ

सादर अवगत कराना है कि दिनांक 17.5.23 को निरीक्षक पुरुषोत्मत नारायण तिवारी क्राइम ब्रांच झाँसी व थानाध्यक्ष श्री कौशल किशोर मिश्रा मय हमराह द्वारा थाना कटेरा पर पंजीकृत अपराध संख्या 42/23 व 43/23 धारा 419/420/120वी/34 भादवि0 66 डी आईटी एक्ट थाना कटेरा जिला झाँसी से सम्वन्धित अभि0 अनुज तिवारी पुत्र स्व0 रमेश प्रसाद तिवारी नि0 महेवा चक्र-01 थाना लिधौरा जनपद टीकमगढ म0प्र0 व अंकित सोनी पुत्र स्व0 नन्द किशोर सोनी नि0 कस्वा व थाना पूँछ झाँसी को यारा बार्डर थाना कटेरा जिला झासी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>अपराध करने का तरीका-</u>**

इस प्रकार के अपराध में अभियुक्तगण द्वारा पब्लिक में यह प्रचार प्रसार किया गया था कि JAWA EYE नाम की कम्पनी इण्डोनेशिया में रजिस्टर्ड है जो कि पूरे विश्व के लगभग 106 देशों में काम कर रही है और इस कम्पनी का काम 106 देशों में बनने वाली FILMS / MOVIES की टिकटों को खरीदने पर कमीशन देना है। आरोपीगण अनुज और अंकित ने आम जनता को यह बताया कि अगर कोई भी JAWA EYE कम्पनी में अपनी रकम लगाता है तो उस रकम को 25 दिन में दोगुना कर दिया जायेगा। रकम के दोगुना होने के लालच में जनता के कई लोगों द्वारा इस कम्पनी में INVEST किया गया जिसको JAWA EYE कम्पनी के APP में DOLLER के रूप में प्रदर्शित किया जाता था। INVEST की न्यूनतम धनराशि 50 DOLLER थी। JAWA EYE कम्पनी के APP में 24 घण्टे में एक बार में अपनी INVEST की गई रकम के अनुसार FILMS / MOVIES की टिकटों को खरीद की जा सकती है जिस पर कमीशन के तौर DOLLER मिलते थे जो हर 24 घण्टे के बाद बढ़ जाते थे।

जैसे अगर आपने JAWA EYE कम्पनी के APP में 50 DOLLER की रकम INVEST किया तो उससे 05 FILMS / MOVIES की टिकट खरीद कर सकते हैं जिसके एवज में आपको 24 घण्टे में 01 DOLLER बतौर कमीशन मिल जायेगा जो कि हर अगले 24 घण्टे में बढता जायेगा। आपके कमीशन में मिले हुये DOLLER को पुनः INVEST करने पर फिर से कमीशन मिल जायेगा। इस प्रकार से उक्त कम्पनी द्वारा हजारों लोगों को कमीशन दिया गया था, जिसमें आरोपीगण व उनके अन्य साथी भी शामिल थे, यही कमीशन को दिखा दिखा कर लोगों को जोडा जाता था। JAWA EYE कम्पनी द्वारा अपने नीचे ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोडने पर इण्डोनेशिया देश को घूमने फिरने का TOUR भी बतौर इनाम दिया गया जिसमें दोनों ही आरोपीगण इण्डोनेशिया देश जा चुके है। विदेश घूमने का भी लालच देकर लोगों को इस प्रकार की कम्पनियों में जोडा जाता था। इस प्रकार के अपराधों के सम्बन्ध में आम जनमानस को यह सलाह दी जाती है, कि ऐसे किसी भी प्रकार से कुछ दिनों में आपकी रकम को दोगुना करने के लालच देकर कोई आपसे Invest करवाता है तो ऐसे लालच से बचें। ये कुछ Jawa eye जैसे Apps हैं-

1. Fintoch
2. Poly
3. Rubel इत्यादि।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –</u>**

1-अनुज तिवारी पुत्र स्व0 रमेश प्रसाद तिवारी नि0 महेवा चक्र-01 थाना लिधौरा जनपद टीकमगढ म0प्र0
2-अंकित सोनी पुत्र स्व0नन्दकिशोर सोनीनि0 कस्वा व थाना पूँछ झाँसी।

**<u>बरामदगी का विवरण</u>-**

1- **393000** रु नकद
2- मोबइल फोन -02 अदद
3- SBI रुपे कार्ड-01 अदद
4- वाहन की RC-03 अदद
5- डी0एल0-02 अदद
6- पैन कार्ड 1 अदद
7- ATM कार्ड -01 अदद
8- अधार कार्ड 1 अदद
9- आयुष्मान कार्ड 1 अदद
10- पिटठू वैग 2 अदद
11- टोपी जावा आई कम्पनी 1 अदद
12- पम्पलेट जावा आई कम्पनी 75 अदद
13- विजिटिंग कार्ड 715 अदद
14- पोस्टर बडे जावा आई कम्पनी 8 अदद
15- स्टीकर जावा आई कम्पनी 27 अदद
16- दीवार पोस्टर जावा आई कम्पनी 14 अदद
17- ब्लूटूथ 1 अदद
18- ब्रेसलेट सफेद धातू 1 अदद
19 - मो0 चार्जर 1 अदद

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण-</u>**

1- निरीक्षक पुरुषोत्मत नारायण तिवारी क्राइम व्रान्च झाँसी
2- कौशल किशोर मिश्रा थानाध्यक्ष कटेरा जनपद झाँसी
3- उ0नि0 अजीत कुमार कटेरा जनपद झाँसी
4- का0910 कौशल कुमार क्राइम व्रान्च झाँसी
5- HC 381 भानू प्रताप साइवर सेल झाँसी
6- चालक 214 विजय प्रताप
7- का0 488 शरदवावू कटेरा जनपद झाँसी
8- का0717 आलोक कुमार कटेरा जनपद झाँसी
9- का01140 मूलचन्द्र कटेरा जनपद झाँसी
10- चालक रोहित कुमार कटेरा जनपद झाँसी